
# हरिभूमि महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 4 नवंबर 2025



11 शहर के सब्जी मंडी रोड पर पार्किंग के अभाव में लगा रहता है जाम



12 गांव में प्रदर्शन करने उपरांत सोमवार को समाधान...

## राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 10 महीने से बना हुआ था विवाद

# महापंचायत की चेतावनी के बाद डीईओ ने मध्यस्थता करके एनसीसी दाखिला विवाद को सुलझाया, 41 दाखिलों पर 49 छात्र हुए क्वालिफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बीते करीब 10 महीने से एनसीसी यूनिट को लेकर विवाद बना हुआ है। प्राचार्य बस्तीराम ने यूनिट को तोड़ने के लिए विभाग को पत्र लिख दिया। जिससे आक्रोशित अभिभावकों ने सोमवार सुबह महापंचायत का आयोजन किया। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी सुनीलदत्त ने ऑनलाइन मीटिंग को अटेंड किया तथा उन्होंने स्वेच्छा से बच्चों को एनसीसी के लिए आमंत्रित किया। इसके बाद उपस्थित हुए छात्रों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई।

जानकारी के अनुसार नांगल चौधरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 1957 से एनसीसी यूनिट संचालित है। पंजीकृत कैडेटों को ए ग्रेड की सर्टिफिकेट मिलती है। जिससे पुलिस व अन्य सरकारी नौकरियों में बोनस अंक मिलते हैं। एनसीसी लेने के इच्छुक विद्यार्थियों की लंबी कतार होने के कारण विभाग मेरिट के आधार पर भर्ती करता है। बीते महीने वर्तमान सत्र में दाखिलों के लिए विभागीय टीम स्कूल में पहुंची तथा प्राचार्य से स्वीकृति पत्र मांगा, लेकिन प्राचार्य ने विभिन्न तर्क देकर स्वीकृति देने से इंकार कर दिया।

विवाद बढ़ने पर शहर के प्रबुद्धजनों ने प्राचार्य से संपर्क किया तथा यूनिट को चालू करने का आग्रह किया, लेकिन उन्होंने सहमति नहीं दी। जिस कारण एनसीसी अधिकारियों ने यूनिट तोड़ने का पत्र जारी कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर सुबह महापंचायत का आयोजन किया। जिसमें विभिन्न गांवों के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। पंचायत की ओर से नामित पांच व्यक्तियों ने बच्चों को स्वेच्छा से एनसीसी में दाखिलों के लिए आमंत्रित किया। इसके बाद 100 से अधिक बच्चे प्रांगण में पहुंच गए और भर्ती के लिए आवेदन किया। पंजीकृत विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा व शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की है।

41 सीटों पर 49 आवेदक सलेक्ट हुए हैं। जिनमें मेरिट के आधार पर अंतिम चयन किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि दक्षिण हरियाणा के युवाओं में सैनिक बनने का जुनून है, इसलिए एनसीसी को प्राथमिकता देते हैं, लेकिन प्राचार्य की हठधर्मिता के कारण गतिरोध बना हुआ था, जो अब डीईओ की मध्यस्था से सुलझ गया। उन्होंने प्राचार्य के तबादला व कार्यप्रणाली की जांच करने की गुहार लगाई है।



नांगल चौधरी। महापंचायत के प्रतिनिधियों से पूछताछ करती पुलिस व एनसीसी अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### केस दर्ज कराने की धमकी पर महापंचायत आक्रोशित

महापंचायत के दौरान प्राचार्य बस्तीराम ने कुछ जागरूक लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराने की धमकी दी। जिस पर महापंचायत ने कड़ा संज्ञान लिया तथा सीएम से मिलकर तानाशाह प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई कराने का अल्टीमेटम दिया है। नपा चेयरपर्सन के प्रतिनिधि रमेश सैनी, उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, रमेश तंवर, बलबीर सैनी आदि ने बताया कि स्कूल में फैली अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं करेंगे तथा एनसीसी तोड़ने का प्रयास किया, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### भूतपूर्व सैनिक विकास संघ की बैठक आज

**महेंद्रगढ़।** भूतपूर्व सैनिक विकास संघ की विशेष बैठक चार नवंबर को प्रधान सूबेदार रामस्वरूप यादव की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। सघं के उपाध्यक्ष कप्तान राजेन्द्र सिंह खेड़ा बताया कि विशेष बैठक का उद्देश्य 15 नवंबर को रेजांगला शौर्य दिवस मनाया जाएगा। साथ ही 15 नवंबर को शहीद स्मारक का शिलान्यास भी किया जाएगा। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों से बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है।

### कनीना मंडी में बाजरे की आवक जारी

**कनीना।** नई अनाज मंडी में बाजरे की आवक लगातार जारी है। सोमवार दोपहर तक मंडी में 51 गेटपास किए गए। वहीं 1663 क्विंटल बाजरे की आवक हो चुकी थी। सरकार की हिदायत अनुसार किसान अब स्वयं अपने मोबाइल फोन से गेटपास जनरेट कर मंडी पहुंच रहे हैं। बाजरे की खरीद 15 नवंबर तक जारी रहने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर जिन किसानों ने फसल खराबे की जानकारी अपलोड की गई थी, उससे कहीं अधिक बाजरे की आवक हो चुकी है। मार्केट कमेटी के सचिव अजीत सिंह ने बताया कि 23 सितंबर शुरू हुई खरीद के बाद अब तक कनीना अनाज मंडी में 10222 गेटपास के मुकाबले 3.18 लाख क्विंटल बाजरे की आवक हो चुकी है। उन्होंने बताया कि बाजरे की खरीद सरकारी शेड्यूल के मुताबिक खरीद कार्य 15 नवंबर तक जारी रहने की संभावना है।

## बिक्री केंद्र पर जौ का बीज भी उपलब्ध

# जिले में अब गेहूं फसल की बिजाई जोरों पर, बीज के लिए मारामारी

अब तक नारनौल बिक्री केंद्र पर आ चुका है 1849 क्विंटल गेहूं का बीज, जिसमें से महज 130 क्विंटल ही शेष बचा

*▶▶ किसान हरियाणा विकास बीज निगम कार्यालय पर पहुंच रहे हैं, जहां से उनको सब्सिडी पर बीज बेचा जा रहा है। शहर के रेवाड़ी रोड पर वार्ड पार्षद वाली गली में बने कार्यालय पर आजकल किसानों की भीड़ देखने को मिल रही है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

रबी सीजन के चलते आजकल किसानों में गेहूं के बीज की भारी डिमांड बनी हुई है। किसान हरियाणा विकास बीज निगम कार्यालय पर पहुंच रहे हैं, जहां से उनको सब्सिडी पर बीज बेचा जा रहा है। शहर के रेवाड़ी रोड पर वार्ड पार्षद वाली गली में बने कार्यालय पर आजकल किसानों की भीड़ देखने को मिल रही है। अब तक इस केंद्र पर 1849 क्विंटल गेहूं का बीज आ चुका है, जिसमें से महज 130 क्विंटल ही शेष बचा है।




नारनौल। बीज बिक्री केंद्र पर पहुंचे किसान। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। गेहूं खरीद कर ले जा रहे किसान। फोटो : हरिभूमि

### गेहूं का बीज बना है डिमांड में

सरसों के बाद आजकल गेहूं का बीज डिमांड में बना हुआ है। अबकी बार 1849 क्विंटल गेहूं का बीज बिक्री के लिए पहुंचा, जिसमें से 1710 क्विंटल बीज बिक चुका है। केवल 130 क्विंटल ही बीज शेष बचा है। गेहूं का एक बैग 40 किलोग्राम का होता है, जिसे 1200 रुपये में बेचा जा रहा है। सरकार ने गेहूं के बीज का दाम 4075 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया हुआ है तथा इस पर 1075 रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। इस प्रकार गेहूं का बीज 3000 रुपये प्रति क्विंटल की दर से उपलब्ध है। रेवाड़ी रोड पर गंदे नाले के समीप एक गली में बने बिक्री केंद्र पर विभिन्न वैरायटी का गेहूं बीज पहुंचा, जिसमें पीडब्ल्यू 771, डीबीडब्ल्यू 303, डीबीडब्ल्यू 327, डीबीडब्ल्यू 222, पीबीडब्ल्यू 826 तथा डब्ल्यूएच 1270 वैरायटी शामिल हैं। फिलहाल बिक्री केंद्र पर पीबीडब्ल्यू 771 का 130 क्विंटल बीज बचा हुआ है।

### आजकल रबी फसल की बिजाई में जुटे किसान

कृषि प्रधान जिला महेंद्रगढ़ के किसान आजकल रबी फसल की बिजाई में जुटे हुए हैं। सरसों की बिजाई जहां लगभग पूरी हो चुकी है, लेकिन पछेती सरसों के किसान अब भी बीज खरीदने बिक्री केंद्र पर पहुंच रहे हैं। नारनौल स्थित बिक्री केंद्र पर अबकी बार 29.20 क्विंटल सरसों का बीज बिक्री के लिए पहुंचा था, जिसमें से लगभग 20.30 क्विंटल सरसों का बीज बिक चुका है। सरसों के बीज की एक थैली दो किलो की है, जिसे 250 रुपये में बेचा जा रहा है। कई किसान पछेती सरसों के लिए यह बीज उपयुक्त मानकर इसकी अब भी बिजाई कर रहे हैं।

### 4000 रुपये एक क्विंटल जौ का रेट

बिक्री केंद्र पर जौ का बीज भी उपलब्ध है। जौ का बीज 34.50 क्विंटल बिक्री के लिए आया था, लेकिन नारनौल बिक्री केंद्र पर अब तक यह बीज महज 5.10 क्विंटल ही बिक पाया है तथा 29.40 क्विंटल बीज अब भी बकाया चल रहा है। जौ का 30 किलोग्राम का एक बैग 750 रुपये में बेचा जा रहा है। एक क्विंटल जौ का रेट 4000 रुपये है, जबकि इस पर सरकार 1500 रुपये की सब्सिडी दे रही है तथा किसानों को यह 2500 रुपये में उपलब्ध है। किसानों में जौ के प्रति घटती रुची के कारण ऐसी स्थिति बनी हुई है। आमतौर पर अब लोग जौ को खाने के रूप में उपयोग नहीं करते।

### चने की स्थिति भी ठीक नहीं

बिक्री के मामले में जौ की भांति ही चने की स्थिति भी ठीक नहीं है। चना 32 क्विंटल आया था, लेकिन उसमें से केवल मात्र 9.60 क्विंटल ही बिका, जबकि 22.40 क्विंटल अभी शेष है। 16 किलो की एक थैली 960 रुपये में बेची जा रही है। चने के बीज का सरकारी रेट 11 हजार रुपये प्रति क्विंटल है, जिस पर 5 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है तथा किसान को 6000 रुपये में बेचा जा रहा है।

### यह कहते हैं सेल्समैन

*किसानों में फिलहाल गेहूं के बीज की अत्यधिक मांग बनी हुई है। मांग को देखते हुए ही और बीज की डिमांड की गई है। गेहूं का बीज 1075 रुपये प्रति क्विंटल सब्सिडी के हिसाब से बेचा जा रहा है।*

*-अमित जाखड़, हरियाणा बीज विकास निगम, नारनौल*



महेंद्रगढ़। ज्ञापन सौंपते इनेलो पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# इनेलो ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा

*किसानों की समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने जिला प्रधान सुरेंद्र कौशिक के नेतृत्व में उपमंडल अधिकारी कनिका गोयल को राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष के नाम किसानो की विभिन समस्याओं जैसे खरीफ की फसलों की हुई नुकसान की समुचित भरपाई फसलों की एमएसपी पर खरीद एवं डीएपी, यूरिया खाद पर उपलब्ध कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि हरियाणा में इस साल अत्यधिक बारिश और जल भराव की वजह से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि जिले के गांव ढाणी किरारोद में अभी भी दो सौ एकड़ में पानी भरा हुआ है, जिस कारण फसल की बुआई नहीं की जा सकती। अत्यधिक वर्षा के कारण खरीफ की फसलों को भारी नुक्सान हुआ है, जिसने किसान की कमर तोड़ कर रख दी है। इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला ने राज्यपाल से मिलने का समय मांगा गया था। जो नहीं दिया गया।

मजबूर होकर आज इनेलो कार्यकर्ताओं को सड़क पर उतर कर रोष प्रकट किया गया व सरकार से उचित मुआवज़ा देने की मांग की गई, जिससे किसानो को कुछ राहत मिल सके। जिला प्रभारी व इनेलो कानूनी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जशबीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि किसानो का बाजरा एमएसपी पर नहीं खरीदा जा रहा है। मंडियों में किसान टोकन व अधिकारीयों की मनमर्जी से परेशान हो गया है, उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस मौके पर सतबीर बडेसरा, छोटेलाल गहली, नवनीत सिंह ढिल्लो, बल्ली शेखावत, दीपक यादव, महिला जिला प्रधान उर्मिला यादव, अनिल कौशिक एडवोकेट, बिल्लू यादव चेयरमैन, लाल सिंह तंवर, सुरेश चौधरी, सतपाल, कप्तान सिंह, सतपाल उन्हाणी, रामकिशन यादव, भरपूर सिंह, नीरज बडेसरा व धर्मपाल नम्बरदार आदि उपस्थित थे।

# पूर्व प्रधान की टीम फिर नहीं आई जांच टीम के सामने, प्रशासन ने कार्रवाई तेज की

समिति का समस्त रिकॉर्ड एवं लेखा-जोखा तीन वर्षों से पूर्व कार्यकारिणी के कब्जे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति की पूर्व कार्यकारिणी के पूर्व प्रधान अपने सहयोगियों के साथ सोमवार को भी जिला प्रशासन की ओर से गठित जांच टीम के सामने नहीं पहुंचे। जिला प्रशासन ने मामले की गंभीरता को समझते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

बता दें कि समिति का समस्त रिकॉर्ड एवं लेखा-जोखा तीन वर्षों से पूर्व कार्यकारिणी के कब्जे में है। प्रशासन की ओर से कई बार रिकॉर्ड सौंपने के निर्देश दिए गए, लेकिन हर बार कोई न कोई बहाना बनाकर प्रक्रिया को टाल दिया गया। समिति के सदस्यों की ओर से इस संबंध में बार-बार लिखित शिकायतें जिला प्रशासन को दी गई, जिसके बाद जिला उपायुक्त एवं एसडीएम महेंद्रगढ़ की ओर से कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम गठित की गई। जिला उपायुक्त एवं एसडीएम के आदेशानुसार गठित टीम के समक्ष सोमवार को भी डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति महेंद्रगढ़ की पूर्व कार्यकारिणी के प्रधान सुंदरलाल व उनके सहयोगी उपस्थित नहीं हुए। इस टीम में जिला रजिस्ट्रार महेश यादव, ड्यूटी मजिस्ट्रेट तहसीलदार अजय कुमार व प्रशासक डॉ. ओपी आर्य को शामिल किया गया। टीम ने पूर्व कार्यकारिणी को समय पर अंबेडकर भवन में उपस्थित होने का नोटिस जारी किया था।

इसके बावजूद कोई भी पूर्व पदाधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। टीम की ओर से फोन पर संपर्क करने का प्रयास भी किया गया, लेकिन कोई उत्तर नहीं मिला। काफी देर इंतजार के बाद प्रशासनिक टीम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में भवन के सील किए गए कमरे को खोला। कमरे की बारीकी से जांच की गई, जिसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई। जांच के दौरान समिति से संबंधित कोई भी दस्तावेज वहां नहीं मिले।



महेंद्रगढ़। अंबेडकर भवन कार्यालय का ताला खुलवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### नई कार्यकारिणी गठित करने की मांग

प्रशासक समिति तथा सामाजिक बुद्धिजीवियों ने पूरी टीम को स्थिति से अवगत करवाया और मामले का शीघ्र निपटारा कर नई कार्यकारिणी गठित करने की मांग की। इस मौके पर पन्नीलाल, रोशनलाल निम्बल, सुरेशचंद्र सरोहा, जय भगवान, जगदीश प्रधान, बादाम सिंह, एडवोकेट रणजीत सिंह, फकीरचंद, सहीराम कलोरिया, ब्रह्मदत्त, अमर सिंह, अनिल कुमार, सतवीर मास्टर, सतीश कुमार, विजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### नपा ने कनीना में हटाया अतिक्रमण

कनीना। नगर पालिका प्रशासन ने सोमवार को शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। जिसमें नगर पालिका सचिव कपिल कुमार, जेई राकेश कुमार की टीम ने रेवाड़ी मोड़ टी पॉइंट से लेकर अटेली मोड़ टी पॉइंट तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। नगर पालिका सचिव कपिल कुमार ने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि अतिक्रमण को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दुकानदार अतिक्रमण न करते हुए अपनी हद में दुकान लगाए। जिससे बाजार सुंदर व व्यवस्थित नजर आए और बाजार में आने वाले लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। नगर पालिका सचिव ने बताया कि नपा की ओर से पहले मुनादी करवाकर दुकानदारों को सचेत कर दिया गया था कि जो दुकानदार नहीं माने उनके तख्त, रेहड़ी, तिरपाल, फ्लेक्स बोर्ड आदि सहित अन्य जब्त कर लिया जाएगा। टीम में सुरेंद्र कुमार, विक्की सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारी शामिल थे।



कनीना। बाजार में अतिक्रमण हटाती नपा प्रशासन की टीम। फोटो : हरिभूमि

## कुरुक्षेत्र डिपो की ओर से शुरू किया गया रोडवेज बस का संचालन

# खाटू श्याम के लिए नई बस सेवा हुई शुरू

- 10 माह से बंद हो गया था रोडवेज बस का संचालन
- सुबह सात बजे कुरुक्षेत्र से चलकर नेशनल हाईवे 152 डी होते हुए 11:15 बजे पहुंचेगी नारनौल
- अगले दिन सुबह 7:30 बजे खाटूश्याम से रवाना होकर नीमकाथाना होते हुए पहुंचेगी नारनौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

कुरुक्षेत्र डिपो की ओर से खाटूश्यामजी धाम के श्रद्धालुओं के लिए रोडवेज बस सेवा को पुनः शुरू किया गया है। करीब 10 माह से बंद चल रही यह बस सेवा अब फिर से नियमित रूप से संचालित होगी।

इस बस सेवा के फिर से शुरू होने के बाद हरियाणा के करीब 10 जिलों व राजस्थान के श्रद्धालुओं को फायदा मिलेगा। नारनौल बस स्टैंड से यह बस सुबह 11:15 बजे रवाना होगी।

बता दें कि कुरुक्षेत्र डिपो की ओर से पहले इस बस का संचालन किया जा रहा था, लेकिन करीब 10 माह पहले इसका संचालन बंद कर दिया गया था। ऐसे में कई जिलों के यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। कुरुक्षेत्र जिला सहित अन्य जिलों के श्रद्धालुओं को खाटूश्याम जाने के लिए के कई बार बस बदलनी पड़ती थी। यात्रियों की ओर से रोडवेज विभाग से बार-बार बस का संचालन शुरू करने की मांग की जा रही थी। यात्रियों की मांग को देखते हुए परिवहन विभाग की ओर से फिर से रोडवेज बस का संचालन शुरू कर दिया गया है। यह सेवा खाटूश्याम जी जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए बड़ी राहत साबित होगी। बस के शुरू होने से न केवल यात्रा आसान होगी बल्कि समय की भी बचत होगी।




नारनौल। रोडवेज बस स्टैंड। फोटो : हरिभूमि

### नियमित रूप से होगा बस का संचालन

*यह बस सेवा प्रतिदिन नियमित रूप से चलाई जाएगी। नारनौल बस स्टैंड से यह बस सुबह 11:15 बजे रवाना होगी। यात्रियों की संख्या अधिक होने पर अतिरिक्त बसों की संख्या बढ़ाई जाएंगी। परिवहन विभाग का उद्देश्य श्रद्धालुओं को सुगम परिवहन उपलब्ध कराना है।*

*-योगेश कुमार, बस स्टैंड इंचार्ज नारनौल*

### बसों की समय सारिणी

| डिपो | नारनौल से चलने का समय |
|---|---|
| नारनौल | सुबह 8:20 बजे |
| कुरुक्षेत्र | सुबह 11:15 बजे |
| झज्जर | सुबह 11:45 बजे |
| गुरुग्राम | दोपहर 12:00 बजे |
| पलवल | दोपहर 1:00 बजे |
| फरीदाबाद | दोपहर 2:00 बजे |

### नारनौल से 11:15 बजे होगी रवाना रवाना

यह बस कुरुक्षेत्र बस स्टैंड से सुबह 7:30 बजे रवाना होकर नेशनल हाईवे 152 डी होते हुए नारनौल पहुंचेगी। यहां से 11:15 बजे रवाना होकर दोपहर तीन बजे नीमकाथाना से होते हुए खाटू श्याम पहुचेगी। वहीं अगले दिन सुबह 7:30 बजे चलकर वाया नीमकाथाना, नारनौल से नेशनल हाईवे 152 डी होते हुए कुरूक्षेत्र पहुचेगी। रोडवेज बस में कुरूक्षेत्र से 435 रुपये किराया लगेगा। वहीं नारनौल से खाटू श्याम का किराया 165 रुपये होगा। इस बस का संचालन शुरू होने के बाद कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, रोहतक, भिवानी, झज्जर, चरखी दादरी व महेंद्रगढ़ जिला के अलावा राजस्थान के कई गांवों यात्रियों को फायदा मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### गोशाला में गाय छोड़ने पर देनी होगी सहायता राशि

**नारनौल।** श्री श्याम गोशाला समिति शोभापुर की बैठक का आयोजन प्रधान डॉ. अनिल यादव की अध्यक्षता में किया गया। श्री श्याम गोशाला समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि शोभापुर गांव के ग्रामवासी अगर कोई गोवंश गोशाला में छोड़ने के लिए आते हैं तो उनसे 500 रुपये बतौर चंदा लिया जाएगा और गोशाला से जुड़े हुए गावों ने भी इस गोशाला निर्माण में बहुत सहयोग किया है। इसलिए उनसे भी 1100 रुपये लिया जाएगा। अन्य गावों से 3100 रुपये लिया जाएगा, ताकि गोशाला का कार्य सुचारू रूप से चल सके।

### नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई

**नारनौल।** पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के नेतृत्व में पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई को जारी रखते हुए एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। नशीले पदार्थों के कारोबार से अवैध संपत्ति अर्जित करने वाले अपराधियों को जेल भेजने के साथ उनकी संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जा रही है।

### विवाह शादी के सीजन में बढ़ गई भीड़, दुकानदारों ने पांच से दस फीट बाहर तक लगाया सामान

# सब्जी मंडी रोड पर पार्किंग न होने से जाम में फंस रहे लोग

■ प्रतिदिन सड़क के किनारे खड़े रहते हैं 800 से अधिक वाहन

**लोग बोले- नगर पालिका के अधिकारी आमजन की समस्याओं पर नहीं दे रहे ध्यान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर के सब्जी मंडी सड़क मार्ग पर पार्किंग नहीं होने के कारण जाम लगा रहता है। पार्किंग के अभाव में प्रतिदिन सड़कों के किनारे 800 से अधिक वाहन खड़े रहते है। बाजार में सामन लेने आने वाले लोग पार्किंग नहीं होने के कारण अपने वाहन का दुकानों के सामने खड़ा कर देते है। जिससे जाम की स्थिति बन रही है। नगर पालिका को शहर में पार्किंग की व्यवस्था करनी चाहिए। ताकि लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। दिन प्रतिदिन शहर में वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है, लेकिन नगर पालिका इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण 800 से अधिक वाहन सड़क के किनारे खड़े रहते है। विवाह शादी के सीजन में तो शहर में पार्किंग नहीं होने के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। सब्जी मंडी सड़क मार्ग पर दुकानदारों ने 5-5 फुट कब्जा किया हुआ है। इसके उपरांत दुकान के सामने वाहन खड़े हो जाते है। जिसके कारण जाम अधिक लग जाता है। बाजार में अधिक भीड़ होने के कारण दूसरे रास्ते से लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। राहगीरों कहना है कि जब बाजार में सामान लेने के लिए जाते है सब्जी मंडी दुकानों के सामने जाम की स्थिति बनी रहती है। लोग पार्किंग नहीं होने के कारण अपने वाहनों को सड़क के किनारे खड़ कर देते है। विवाह शादी का सीजन चल रहा है। अब बाजार में काफी भीड़ होने होने लग गई है। लेकिन साधन खड़े करने के लिए पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका प्रशासन को शहर में पार्किंग की व्यवस्था करनी चाहिए। इससे ही जाम की समस्या हल होगी।


**महेंद्रगढ़।** सब्जी मंडी रोड पर लगा जाम। फोटो : हरिभूमि

**शीघ्र लगाएंगे टेंडर**

*शीघ्र ही टेंडर लगाए जाएगे, इसके साथ-साथ अलग-अलग जगहों को चिन्हित करके पार्किंग बनाई जाएगी। जल्द ही जगह का चयन कर पार्किंग शुरू की जाएगी। जाम की स्थित को ध्यान में रखते हुए नपा द्वारा अस्थाई पार्किंग का प्रबंध किया जाएगा।*
*रमेश सैनी, नगर पालिका प्रधान, महेंद्रगढ़।*


**महेंद्रगढ़।** रक्तदान करते युवा। फोटो : हरिभूमि

## ज्ञानकोष ए ग्लोबल स्कूल में रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव खरखड़ा आकोदा स्थित ज्ञानकोश ए ग्लोबल स्कूल में डॉ. आकाश गोयल के नेतृत्व में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता पैक्स के अध्यक्ष नरेश गुप्ता ने की। डॉ. गोयल के नेतृत्व में नारनौल टीम से नर्सिंग ऑफिसर डॉ. सुरभि, अजय, सुनील, फार्मासिस्ट मोहनलाल रहे। सीईओ राकेश कुमार ने सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद किया तथा बताया कि रक्त से बड़ा कोई दान नहीं है, रक्तदान महादान है। उन्होंने बताया कि रक्त देने से कोई कमजोरी नहीं आती, रक्तदान करना डरावना लग सकता है, लेकिन यह एक आसान प्रक्रिया है, जो किसी की भी जान बचाने में मदद कर सकती है। रक्तदान एक सच्चा उपहार है जो आप दूसरों की जरूरत को दे सकते हैं। हर दिन रक्तदाता सभी उम्र के लोगों को जीवन रक्षक देखभाल प्राप्त करने में मदद करती है। प्राचार्य रामनिवास ने बताया कि रक्तदान को महादान मानना है, हम रक्तदान करके किसी इंसान की जिंदगी बचा सकते हैं। हमारे समाज में अनुदान, कन्यादान, श्रमदान और नेत्रदान जैसे अनेक प्रकार के दान प्रचलित है, परंतु इनमें रक्तदान को सर्वश्रेष्ठ दान माना जाता है। उन्होंने सभी स्टाफ मेंबर का आभार जताया।

## मॉडर्न स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाय दमखम

■ रानी लक्ष्मीबाई हाउस ओवरऑल चैम्पियन, ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

■ अध्यापिकाओं की 100 मीटर की दौड़ में प्रियंका प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रही 24वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया है। इस दौरान प्रो. रतनसिंह यादव मुख्यातिथि तथा संस्था डायरेक्टर हुक्मसिंह तंवर तथा मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सुरेंद्र सिंह यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में समापन पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रवक्ता रामनिवास चौहान ने बताया कि लड़कों के सीनियर वर्ग में कबड्डी, खो-खो, बॉलीबाल, लॉग जम्प, हाई जम्प, लड़कियों के सीनियर व जूनियर वर्ग में कबड्डी, खो-खो, नीडल रेस, अध्यापिकाओं की रस्साकसी, म्यूजिकल चेयर रेस, अध्यापकों की रस्साकसी व बॉलीबाल के फाइनल मुकाबले खेले गए। मुख्यातिथि ने कहा कि अच्छे भविष्य और बेहतर केरियर के लिए पढ़ाई का जितना महत्व है, उतना ही महत्व बेहतर जीवन के लिए खेलों का भी है। आजकल हमारे भी देश में खेलों का महत्व पहले की अपेक्षा बहुत ज्यादा बढ़ गया है। डायरेक्टर हुक्म सिंह तंवर ने कहा कि प्रगतिशील और आधुनिक बनने के दौड़ में हम अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। खेल का महत्व जैसे हम भूलते जा रहे हैं। स्कोरर की भूमिका निभा रहे प्रवक्ता मुकेश शर्मा व सतीश मेहरा ने बताया कि लड़कों के सीनियर विंग में राव तुलाराम हाउस, लड़कियों के सीनियर विंग में आयोजित कबड्डी मुकाबले में राव तुलाराम हाउस, लड़कों के सीनियर विंग में आयोजित खो-खो में राव तुलाराम हाउस, वॉलीवाल मुकाबले में कल्पना चावला हाउस, बास्केटबाल मुकाबले में राव तुलाराम हाउस विजेता रहा। लड़कों में अमित को बेस्ट प्लेयर तथा लड़कियों में नताशा को बेस्ट प्लेयर के खिताब से नवाजा गया। अध्यापिकाओं की 100 मीटर की दौड में प्रियंका ने प्रथम, करीना ने द्वितीय तथा काजल ने तृतीय, लड़कियों की मटकी दौड में मनशवी ने प्रथम, कशिश ने द्वितीय व ईशिका ने तृतीय, अध्यापिकाओं की म्यूजिकल रेस में डांस अध्यापिका करीना सैनी विजेता रहीं। अध्यापकों की 100 मीटर की दौड में सुरेश सैनी ने प्रथम रहे।


**महेंद्रगढ़।** प्रतियोगिकता में दमखम दिखाते खिलाड़ी।

## गहली पंचायत ने छात्राओं को नवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

■ छात्राओं ने ग्रुप सॉन्ग प्रतियोगिता में जिले में तृतीय स्थान प्रापत किया

हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय ओपन सांस्कृतिक उत्सव में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल गहली की छात्राओं ने ग्रुप सॉन्ग प्रतियोगिता में जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिन्हें 15000 रुपये का चेक देकर सम्मानित किया। इस उपलक्ष्य में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गहली में विद्यालय स्टाफ व ग्राम पंचायत ने छात्राओं का सम्मान किया। इस अवसर पर राज्य स्तर पर सम्मानित शिक्षक अमरजीत सिंह बडेसरा ने विद्यालय तथा गांव गहली का नाम रोशन करने के लिए टीम छात्राओं व गुरुजनों को बधाई दी तथा आशा व्यक्त करते हुए कहा कि इस विद्यालय के सभी विद्यार्थी कड़ी मेहनत करते हुए पढ़ाई में भी शानदार प्रदर्शन करेंगे। बडेसरा ने कहा कि सरकारी विद्यालय में अध्यनरत साधारण परिवारों के बच्चों को विद्यालय समय पश्चात पढ़ाई व व्यक्तित्व विकास के लिए गांव की तरफ से सामुदायिक प्रयास किए जा रहे हैं। जिसका आने वाले समय में सुखद परिणाम देखने को मिलेगा। ग्राम पंचायत गहली के सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले साधारण परिवारों के बच्चों को स्कूल समय पश्चात कम्युनिटी टीचिंग के लिए अमरजीत सिंह बडेसरा ने गांव के सभी सुविधाओं से सुसज्जित अपने पैतृक घर को विद्यार्थी हित में सौंप दिया है। इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। गौरतलब है कि गांव गहली के सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए गांव के शिक्षकों व सामाजिक व्यक्तियों के सहयोग से विद्यालय समय पश्चात अध्ययन करवाया जाता है। इस अवसर पर टीम की निःशुल्क तैयारी करवाने वाले सांस्कृतिक शिक्षक कुलदीप सिंह का भी सम्मान किया गया। टीम प्रशिक्षक कुलदीप सिंह ने भी छात्राओं को जमकर सराहा।


**नारनौल।** गहली स्कूल की छात्राएं व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**शिक्षकों ने दी बधाई**

विद्यालय की प्रधानाचार्य संतोष यादव ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उल्लेखनीय सहयोग के लिए ग्राम पंचायत एवं गांव के सामाजिक लोगों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय शिक्षक भूपेंद्र ने किया। विजेता टीम में टीम लीडर कुमकुम, सिमरन, सलोनी, खुशबू, हर्षिता, ईशा, विशाखा, अवंतिका व सोनिया शामिल रही। इस मौके पर प्रधानाचार्य संतोष यादव, सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप, अमरजीत सिंह बडेसरा, कुलदीप सिंह, अरुण कौशिक के अलावा स्टाफ सदस्य रजिता व सुनीता, सतवीर, बजरंग, अमित, योगेंद्र, ललित, संजय, सुभाष, विजय डीपी, अशोक आदि उपस्थित रहे।

## दिग्विजय चौटाला ने नवीन राव के निधन पर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

युवा जननायक जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला युवा प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवीन राव के निधन पर शोक व्यक्त करने उनके गांव नूनी शेखपुरा पहुंचे। उन्होंने स्वर्गीय नवीन राव के परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें ढांढ़स बंधाया और दिवंगत आत्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि इस दुख की घड़ी में जननायक जनता पार्टी उनके परिवार के साथ खड़ी है। नवीन राव बेहद मिलनसार व मेहनती युवा थे। पार्टी ने उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी, उन्होंने उसे पूरी निष्ठा से निभाया। उनके निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है।

गौरतलब है कि नवीन राव का 30 अक्टूबर की रात हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार 31 अक्टूबर की सुबह उनके पैतृक गांव में किया गया। शोक व्यक्त करने वालों में जिला प्रधान राजकुमार खातोद, सिकंदर गहली, युवा जिला प्रभारी विष्णु डाबड़, अनमोल गुप्ता, अध्यक्ष सचिन चौधरी, नारनौल प्रधान सुरेंद्र पटीकरा, जिला कार्यालय सचिव वीरेंद्र घटाशेर, जिला प्रवक्ता विजय छिलरो, विजयपाल अधिवक्ता, नगर पार्षद संदीप भाखर, रामकुमार मक्शुसपुर, प्रमोद ताखर, अजय चौधरी अधिवक्ता, बेदू राता, हरचंद तोबड़ा, महिला जिला प्रधान सोनिया धनखड़, बजरंग गुर्जर, हैप्पी तंवर, योगी आदलपुर आदि शामिल रहे।


**नारनौल।** शोक जताने पहुंचे दिग्विजय चौटाला व अन्य। फोटो : हरिभूमि

*पहले ही प्रयास में हासिल की सफलता*

## हैप्पी स्कूल के छात्र ने सीए फाउंडेशन परीक्षा में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र जयगोपाल ने आईसीएआई द्वारा आयोजित सीए फाउंडेशन परीक्षा सितंबर में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय और पूरे शहर का नाम रोशन किया है। जयगोपाल ने यह सफलता अपने पहले ही प्रयास में हासिल की है, जो उनकी मेहनत, लगन और समर्पण का जीता-जागता उदाहरण है। उनकी इस उपलब्धि के पीछे कॉमर्स विभाग के अध्यापक पवन कुमार और अध्यापिका संतोष यादव के अथक मार्गदर्शन और प्रेरणा का अहम योगदान रहा। संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल, उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल, प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल, मैनेजर चंचल अग्रवाल और प्रधानाचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने कहा कि जयगोपाल ने अपने पहले ही प्रयास में कीर्तिमान स्थापित करते हुए यह सिद्ध किया है कि दृढ़ निश्चय और मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। उनकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं गणमान्य लोगों ने जयगोपाल को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हैप्पी स्कूल ने जयगोपाल की इस शानदार उपलब्धि का श्रेय विद्यालय स्टॉफ को दिया है।



## गुरु तेग बहादुर साहिब जी के शहीदी दिवस पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय महिला महाविद्यालय में सोमवार को प्राचार्य डॉ. आरपी सिंह की अध्यक्षता में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति की ओर से सरदार बलदेव सिंह चहल, सरदार अमरजीत सिंह रंधावा, सरदार गुरमेल सिंह संधू, सरदार प्रकाश सिंह, सरदार तेजिंदर पाल सिंह हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, सरदार लखबीर सिंह आसला विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. आरपी सिंह ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का बलिदान सदियों तक सत्य, धर्म व मानवता की रक्षा के लिए प्रेरित करेगा। डॉ. यशपाल ने कहा कि आज के समय में लोग अपने परिवार के लिए भी त्याग नहीं कर पाते, जबकि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी ने संपूर्ण मानवता और देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. ममता शर्मा ने किया। कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। छात्राओं ने श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के जीवन, त्याग और शिक्षाओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में अनु ने प्रथम, साक्षी ने द्वितीय तथा चितवन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विजेता छात्राओं को सम्मानित किया गया।


**नारनौल।** कार्यक्रम का शुभारंभ करते डॉ. आरपी सिंह। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों को समझाया योग का महत्व


**नारनौल।** विद्यार्थियों को योग क्रिया समझाते कैप्टन जगराम आर्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सरस्वती बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुल बाजार में सोमवार को कैप्टन जगराम आर्य ने अपने विचारों से विद्यार्थियों को नई राह दिखाते हुए जीवन में अनुशासन व योग का महत्व समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपना लेख व पढ़ने के तरीके में और सुधार कैसे किया जा सकता है, इस बारे में भी समझाया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक मुकेश शर्मा, प्राचार्या क्षमा पाण्डेय ने कैप्टन जगराम का विद्यालय में आने पर आभार प्रकट किया।

## नारनौल पहुंची शहादत माटी कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भारत व चीन के बीच 1962 में हुए ऐतिहासिक रेजांगला युद्ध के अमर वीरों की स्मृति में निकाली जा रही शहादत माटी कलश यात्रा सोमवार को नारनौल पहुंची। यहां पहुंचने पर शहर में अनेक जगह स्वागत किया गया। बता दें कि 18 राज्यों से होती हुई यह यात्रा नारनौल आई। जिसके तहत सबसे पहले नसीबपुर स्थित शहीदी स्मारक पर यात्रा में शामिल लोग 1857 में आजादी की पहली लड़ाई में शहीद हुए हजारों अनाम शहीदों को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वहीं कलश का भी लोगों ने फूलों से स्वागत किया। इसके बाद यात्रा शहर में पहुंची।

शहर में पहुंचने पर पंचायत भवन के पास जिला बार एसोसिएशन के प्रधान संतोख सिंह एडवोकेट ने यात्रा का बार के वकीलों के साथ स्वागत किया। इसके बाद महावीर चौक व रेजांगला चौक पर भी लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। मांदी में यात्रा का समापन हुआ। यात्रा हरियाणा के अन्य जिलों के लिए रवाना होगी। रेजांगला बैटल में 124 भारतीय जवानों में से 110 शहीद हुए व चार बंदी बनाए गए। इनमें 60 जवान हरियाणा के थे। जिनमें रेवाड़ी के 26 व महेंद्रगढ़ के 16 वीर शामिल थे। यह युद्ध विश्व सैन्य इतिहास की सबसे दुर्लभ लड़ाइयों में से एक माना जाता है। जहां केवल 124 भारतीय जवानों ने तीन हजार 500 चीनी सैनिकों का सामना किया।



**नारनौल।** शहर में पहुंची शहादत माटी कलश यात्रा। फोटो : हरिभूमि

### चैम्पियनशिप के लिए जिलास्तरीय ट्रायल्स आज

**नारनौल।** आगामी 11 से 13 नवंबर तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप के लिए खिलाड़ियों के चयन के लिए जिला स्तरीय ट्रायल का आयोजन चार नवंबर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कार्यवाहक जिला खेल अधिकारी नरेंद्र कुंडू ने बताया कि चयन प्रक्रिया से संबंधित समस्त औपचारिकता के लिए प्रवीण रंगा क्रिकेट प्रशिक्षक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

उन्होंने बताया कि एथलेटिक्स के ट्रायल जेसी एथलेटिक्स ग्राउंड दंचोली में आयोजित होंगे। जिसके इंचार्ज जयवीर सिंह, जूनियर एथलेटिक्स कोच ओएसपी हैं। बास्केटबॉल के ट्रायल बाबा खेतानाथ पोलिटेक्निकल कॉलेज में होंगे, जिसके इंचार्ज परवीन रंगा क्रिकेट कोच हैं। बास्केटबॉल टीम के लिए खिलाड़ियों को सुबह 9:30 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में रिपोर्ट करना अनिवार्य है। स्विमिंग के ट्रायल नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में होंगे, जिसके इंचार्ज रविंद्र सिंह, स्विमिंग कोच हैं।


**नारनौल।** गोवंश के लिए हरी सब्जी की सवामणी लगाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### रोटरी क्लब रॉयल्स ने लगाई सवामणी

**नारनौल।** रोटरी इंटरनेशनल की नई शाखा रोटरी क्लब रॉयल्स का गठन करने के बाद प्रधान दिनेश भार्गव ने गोमाता के लिए हरी सब्जियों की सवामणी लगाकर अपने कार्यकाल का शुभारंभ किया। प्रोजेक्ट चेयरमैन अनिल यादव, हरीश गुप्ता व गौरव शर्मा की देखरेख में रोटरी क्लब रॉयल्स के समस्त पदाधिकारी व सदस्यों ने अनाथ गोशाला में गोसेवा करते हुए कहा कि हिन्दू संस्कृति में गोसेवा को सबसे बड़ा पुण्य माना गया है। प्रधान दिनेश भार्गव ने बताया कि रोटरी क्लब का मतलब जनसेवा का पर्याय है। क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों के लिए जनहित कार्य करना ही क्लब का उद्देश्य है। गोमाता की सेवा के साथ क्लब के समाजसेवा की नींव रखी है। क्लब सचिव सत्यनारायण सैनी ने कहा कि हमारी सनातन परंपरा में गाय को माता का दर्ज दिया जाता है। इसके साथ ही आने वाले समय में विभिन्न क्षेत्रों में अनेक जनहित कार्य करने का प्रयास रहेगा। इस मौके पर असिस्टेंट गवर्नर पारस चौधरी, उप प्रधान अनिल यादव, कोषाध्यक्ष मोहन सैनी, पवन कटारिया, हरिश गुप्ता, महेश सैनी, अमित कुमार, कपिल सैनी, पवन यादव, नवीन गुप्ता, प्रवीण छाबड़ा, मुकेश वालिया, शीतल भार्गव, प्रियंका सैनी आदि मौजूद रहे।

